हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 19 मई 2024

06 संत शिरोमणि रविदास विकास समिति ने पति-पत्नी...



07 बाढ़ आपदा प्रबंधन एवं अतिवृष्टि से निपटने नपा...





### 'शिक्षकों के पास वह ज्ञान है जिससे वह अपने विद्यार्थियों को कलेक्टर भी बना सकते हैं'

# देश व समाज निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, शिक्षक इस भूमिका को समझें

**हमारे समाज एवं देश के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी शिक्षक अपनी इस भूमिका को समझें। ईश्वर ने शिक्षकों को वह ज्ञान, अध्ययन दिया है। अपनी समुचित ज्ञान विद्यार्थियों को देकर एक शिक्षक अपने विद्यार्थी को कलेक्टर भी बना सकते हैं। आज यहां पर सभी शिक्षक एवं प्राचार्य संकल्प ले की वह इस वर्ष अपने स्कूलों का रिजल्ट शत प्रतिशत देंगे। इसके लिए वे विशेष रूप से मेहनत भी करेंगे। उक्त बात कलेक्टर सोनिया मीना ने प्राचार्यों एवं मेधावी विद्यार्थियों के लिए आयोजित सम्मान समारोह में कहीं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्थानीय शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय में शत प्रतिशत रिजल्ट देने वाले हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य एवं जिले में एवं प्रदेश सूची में प्रावीण आने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। सम्मान समारोह में कलेक्टर ने प्राचार्य एवं मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि इस वर्ष का हायर सेकेंडरी स्कूलों का परीक्षा परिणाम संतोष जनक एवं हर्ष उत्पन्न करने वाला है। लेकिन हाई स्कूल का रिजल्ट चिंता जनक एवं निराशाजनक है। इसमें हमें चिंतन करने की आवश्यकता है कि रिजल्ट इतना खराब क्यों रहा।

कलेक्टर ने अच्छा परिणाम देने वाले स्कूलों के प्राचार्य को शुभकामनाएं दी और कहां की कुछ शिक्षक लगातार अनुशासन निष्ठा एवं मेहनत से अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया है। इसी का परिणाम है कि हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम प्रदेश स्तरीय रहा है। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक यदि मेहनत करते हैं तो बच्चे भी मेहनत करने के लिए प्रेरित होते हैं, और बच्चे जीवन में आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों ने प्रावीण सूची में स्थान बनाकर न केवल समाज एवं जिले का अपितु अपने माता-पिता का नाम भी रोशन किया है। कलेक्टर ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों ने बेहतरीन रिजल्ट लाकर जिले का नाम प्रदेश स्तर तक रोशन किया है। इन सब में उनके शिक्षकों एवं प्राचार्य की मेहनत भी झलकती है। कलेक्टर ने कहा कि सभी शिक्षकों को यह पता होना चाहिए कि समाज एवं प्रशासन उनसे क्या अपेक्षा रखता है, उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों का परीक्षा परिणाम खराब रहा है, उन प्राचार्य को भी अब बैठकर इस बात पर विचार करना चाहिए कि तैयारी में कहां कमी रह गई थी।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को सम्मान मिलता है : कलेक्टर

कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक एक ऐसा पद है जिसका सभी जगह सम्मान किया जाता है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोग शिक्षकों से मार्गदर्शन लेते हैं। कलेक्टर ने कहा कि जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हम अपनी नौकरी को देते हैं। हम जिस चीज की नौकरी कर रहे हैं उसमें अपना शत प्रतिशत दें। इसमे बेहतरीन प्रदर्शन करें। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को सम्मान मिलता है। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षकों के अंदर जो ज्ञान का भंडार है वह उसे और भी ज्यादा विकसित करें और उस ज्ञान का प्रसार अपने विद्यार्थियों में करें। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक जितना बेहतरीन जानकारी से लैस होगा उतना ही उसके विद्यार्थी भी ज्ञान से परिपूर्ण रहेंगे। कलेक्टर ने कहा कि यद्यपि करवाई, दंड, निरीक्षण करने से प्रभाव तो पड़ता है लेकिन सबसे बड़ा भाव यह होना चाहिए कि हम जो कार्य कर रहे हैं उसे हम कितना विस्तारित कर रहे हैं। एक अच्छे शिक्षक का कोई रिप्लेसमेंट नहीं होता है। कलेक्टर ने कहा कि कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष निराशाजनक और खेद जनक है, इसके लिए शिक्षकों एवं प्राचार्य को चिंतन करने की आवश्यकता है कि बाकी स्कूलों का या जिलों के परीक्षा परिणाम के मुकाबले हम कहां पीछे रह गए। कलेक्टर ने कहा कि आज सभी प्राचार्य इस बात पर चिंतन करें कि उनके स्कूलों का परीक्षा परिणाम इतना निराशाजनक क्यों रहा। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन भी अपना दायित्व निभाएगा जिन शिक्षको की रुचि पढ़ाने में नहीं है ऐसे शिक्षकों पर कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि हालांकि मुझे लगता है कि इसकी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। हम उम्मीद करते हैं कि शिक्षक अपना दायित्व बेहतर तरीके से समझेंगे। कलेक्टर ने कहा कि कुछ शिक्षकों ने अपनी कमियां छुपाने के लिए कहा कि उनके स्कूलों में गरीब, कमजोर एवं श्रमिक वर्ग के बच्चे हैं, यह तर्क ठीक नहीं है। हम सब संघर्षों एवं चुनौतियां को पार करके ही आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं तो हम विद्यार्थियों को जिम्मेदार न ठहराएं। शिक्षक उन विद्यार्थियों को जो पढ़ाई में कमतर है उन्हें रोजगार उन्मुखी शिक्षा दे। विद्यार्थियों के अंदर स्केल डेवलप करें उन्हें तकनीकी कौशल से जोड़ें। कलेक्टर ने कहा कि सभी शिक्षकों के ऊपर बहुत बड़ा दायित्व है, वह अपने दायित्व को समझें। जिन स्कूलों के परीक्षा परिणाम बेहतर रहे हैं उन स्कूलों के शिक्षक एवं प्राचार्य उन प्राचार्य एवं शिक्षकों को मार्गदर्शन दे जिनका परीक्षा परिणाम निराशाजनक रहा है। उन्हें बताएं कि किस तरह उन्होंने अपने स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहतर किया है। उन्होंने मौके पर ही जिला शिक्षा अधिकारी को एक ट्रेनिंग सेशन करने के भी निर्देश दिए। इसके पूर्व मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बिशेन ने पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण भावना दुबे ने सभी मेधावी विद्यार्थियों और प्राचार्य को बधाई दी, और कहा कि जिन स्कूलों का रिजल्ट निराशाजनक रहा है वहा के शिक्षक एवं प्राचार्य प्रेरित होंगे कि आगे से वे अपना प्रदर्शन कैसे सुधारे और बेहतर परीक्षा परिणाम दें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत ने कहा कि शिक्षकों को यह समझना होगा कि उनकी जिम्मेदारी बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकारी रिजल्ट के कारण हम अपना मूल कार्य भूल जाते हैं। एक शिक्षक का मूल कार्य है कि वह अपने विद्यार्थियों को ज्ञान अध्ययन करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक को भी लगातार सिखते रहना चाहिए। शिक्षक को हमेशा अपने आसपास घटने वाली घटनाओं से अपडेट रहना होगा तभी वह अपने विद्यार्थी से तालमेल बैठा पाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक की सोच जितनी विकसित होगी उनके विद्यार्थियों की सोच एवं नॉलेज भी उतना ही विकसित होगा। अब समय आ गया है कि शिक्षक जो ज्ञान बच्चों को दे रहे हैं उसका वे स्वयं विश्लेषण करें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के पास जानकारी का संकलन होना चाहिए। प्रेरणा होनी चाहिए, जिसका उपयोग वह अपने विद्यार्थियों को अध्ययन में कराए। हर समय शिक्षक को अपडेट रहने की आवश्यकता है। आज विद्यार्थी आईटी फ्रेंडली है तो शिक्षक को भी आईटी फ्रेंडली होना होगा। बच्चों का जो लेवल है उस लेवल तक शिक्षकों को भी पहुंचना होगा। श्री रावत ने कहा कि समाज में जो भी चेंज आता है उसकी जानकारी एक शिक्षक को होनी चाहिए जैसा आदर्श समाज हम चाहते हैं उसकी कल्पना करते हैं उसमें शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री रावत ने कहा कि आज मैं जिस मुकाम में हूं उसमें मेरे शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है और मैं उन्हें हमेशा सम्मान से याद करता हूं। सेमेरिटन्स स्कूल की गणित संकाय में जिले में प्रथम स्थान आने वाली मेधावी विद्यार्थी धनश्री गोहिया ने अपने परीक्षा परिणाम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने पढ़ाई करते समय हमेशा टाइम मैनेजमेंट का पालन किया। टीवी एवं मोबाइल से दूरी बनाई। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता का श्रेय उनके माता-पिता एवं उनके प्राचार्य को जाता है। कार्यक्रम में शिक्षक रजनी वर्मा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने रजनी वर्मा एवं ब्रांड एंबेसडर मयंक तोमर का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

# घर लौटते वक्त किसान पर जानलेवा हमला

### 5 दिन बाद पुलिस ने किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



पुलिस थाना स्टेशन रोड पिपरिया द्वारा आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही नहीं किए जाने सहित आरोपियों के खुलेआम घूमने और धमकी दिए जाने की गंभीर शिकायत पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह से अस्पताल में इलाजरत गंभीर रूप से घायल युवक के परिजन ने की है।

पुलिस अधीक्षक से की गई शिकायत में अवगत कराया गया कि प्रार्थी रामफल पिता लीलाधर रघुवंशी(40) निवासी कुम्हाबड तहसील पिपरिया 8 मई की रात्रि करीब साढ़े 10 बजे पिपरिया से अपने घर आ रहा था तभी बनवारी रोड पर 6 से ज्यादा लोगों ने एक राय होकर उसके ऊपर अचानक लोहे के पाइप, रॉड से हमला कर दिया। मेरे पास कीटनाशक दवाई व अन्य लोगों को देने के लिए पैसा देने गया था। मगर दुकान बंद होने से पैसा मेरे पास था,जो वापस घर लेकर आ रहा था। उक्त लोगों द्वारा हमला किया गया और मेरे पैसे और मोबाइल भी छुड़ा लिया गया। मेरे साथ अत्यधिक मारपीट की गई और मुझे मरा हुआ समझकर छोड़कर भाग गए । करीब में एक डेढ़ घंटा वहां खून से लतपत बेहोश पड़ा था। मुझे नहीं मालूम की पुलिस को किसने सूचना दी और मुझे अस्पताल में होश आया। पुलिस थाना स्टेशन रोड से आए पुलिस वालों ने एक सादे कागज पर मेरे बयान लिए और डॉक्टर साहब ने गंभीर हालत देखकर नर्मदापुरम रेफर कर दिया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि पुलिस थाना स्टेशन रोड द्वारा आरोपियों के खिलाफ उचित कार्यवाही नहीं किए जाने से खुलेआम घूम रहे हैं और धमकी दे रहे हैं कि अभी जिंदा बच गया है आगे नहीं बचेगा । पीड़ित ने हमला करने वालों के नाम नवल रघुवंशी, सोनू रघुवंशी,हनुमत रघुवंशी, भगवान दास, कुणाल रघुवंशी, सुखराम रघुवंशी सभी पिपरिया निवासी बताए हैं। दूसरी तरफ स्टेशन रोड पिपरिया पुलिस द्वारा 14 मई को मधुबन अस्पताल बुधनी जाकर घायल रामफल रघुवंशी की प्रीएमएलसी प्राप्त कर मधुबन अस्पताल आईसीयू में भर्ती फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियों नवल रघुवंशी, सोनू रघुवंशी, हनुमत रघुवंशी, भगवानदास, कुणाल रघुवंशी, सुखराम रघुवंशी के खिलाफ देहाती नालसी के तहत 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला कायम किया है। इस गंभीर घटना को लेकर अब स्टेशन रोड पिपरिया पुलिस पर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर 08 मई की घटना पर 14 मई को साधारण धाराओं में मामला दर्ज की गई है जबकि अस्पताल के चिकित्सक डॉ.वीरेंद्र राजपूत ने बताया कि गंभीर रूप से घायल का पैर फैक्चर है, दोनों ही हाथों में गंभीर चोट है। पसलियां टूटी हुई है, सिर ,छाती, जबड़े में गंभीर चोटे आई हैं। अभी इलाज जारी है। मामले को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व शासकीय लोक अभियोजक केके थापक ने बताया कि मामला गंभीर है पुलिस को घटना के बाद ही प्रकरण दर्ज करना चाहिए था। घटना की परिस्थिति को देखते हुए पुलिस को धारा 325,307 लगाई जाना चाहिए।

# स्व.दवे की स्मृति में पौध रोपण कर दी पौधांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुर युवा मंडल द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. अनिल माधव दवे की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति दिवस पर पौधरोपण कर उन्हें पौधांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने नदी महोत्सव ओर पर्यावरण संरक्षण के लिए किये गए प्रयासों के विषय में किये गए कार्यों का उल्लेख किया और कहा कि श्री दवे के उल्लेखनीय कार्यों से पर्यावरण और नदियों के प्रति जन जागरण का भाव जागृत किया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल ने स्व. दवे की संगठन कार्यकुशलता के विषय मे प्रकाश डाला। इस अवसर पर विकास नारोलिया, रूपेश राजपूत, विशाल दीवान, सुमित गौर, मुकेश राठौड़, निखिल चौरे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गैस राहत चिकित्सालयों के विशेषज्ञ

# चिकित्सा अधिकारियों की सेवाएं प्रतिनियुक्ति पर ली जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गैस राहत चिकित्सालयों के लिए विशेषज्ञों, कंसलटेंट और चिकित्सा अधिकारियों की सेवाएं प्रतिनियुक्ति पर ली जायेंगी। संचालक गैस राहत एवं पुनर्वास ने बताया कि भोपाल गैस त्रासदी एवं पुनर्वास विभाग के अधीन 6 चिकित्सालयों एवं 9 औषधालयों में चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिये वरिष्ठ परामर्शी (प्राध्यापक के समकक्ष), परामर्शी (सह प्राध्यापक के समकक्ष), कनिष्ठ परामर्शी (सहायक प्राध्यापक के समकक्ष), विशेषज्ञ और चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त पदों पर 2 वर्षों की अवधि के लिये प्रतिनियुक्ति पर सेवाएँ ली जाना हैं। संचालक गैस राहत एवं पुनर्वास ने बताया कि इच्छुक चिकित्सक विभागीय वेबसाइट से आवेदन डाउनलोड कर पूर्ण जानकारी भरकर समक्ष में अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से संचालनालय, गैस राहत एवं पुनर्वास, शिवाजी नगर, भोपाल में 10 जून, 2024 तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं।

## मतगणना के लिए नियुक्त मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण 21 मई से

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतगणना के लिए नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 21 मई को शाम 4 बजे से कलेक्टर कार्यालय स्थित रेवा सभा कक्ष में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए राजेश जायसवाल, राकेश गौर, दुर्गेश नंदन व्यास, शरद शर्मा, राजेश शर्मा, अमिताभ शुक्ला, संदीपन नीखर, दिग्विजय सिंह खत्री, विनोद दुबे, संजय पवार, मनीष चौरे, मनीष सोनी, बाबूलाल चौरे, एम.वी. कनकराज को निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

# अवैध उत्खनन करने पर 18 मोटर बोट एवं एक ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त की

### खनिज विभाग ने ग्राम डिमावर में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार शनिवार को सिवनीमालवा के ग्राम डिमावर एवं बाबरी में खनिज विभाग ने पुलिस बल के सहयोग से बड़ी कार्यवाही करते हुए मोटर वोट से रेत का अवैध उत्खनन पाए जाने पर 18 मोटर बोट जप्त किया एवं उन्हें पुलिस थाना शिवपुर की अभिरक्षा में रखा गया है। उक्त मोटर बोट के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन,



परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 17 मई को खनिज विभाग द्वारा सोहागपुर में एक ट्रैक्टर ट्राली को रेत का अवैध परिवहन करता पाए जाने पर जब्त किया गया। उक्त कार्यवाही में जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम, खनिज निरीक्षक कृष्ण कांत परस्ते, सिपाही हेमंत राज एवं पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम ने बताया कि खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार नियमित रूप से कार्यवाही की जा रही है।


### शासकीय विधि महाविद्यालय में हुआ राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

# साइबर सुरक्षा व कानून विषय पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय विधि महाविद्यालय द्वारा शुक्रवार को साइबर सुरक्षा एवं साइबर कानून विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय वेबीनार में साइबर सुरक्षा एवं साइबर कानून से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से डेटा संरक्षण कानून, साइबर सुरक्षा कानून, साइबर आतंकवाद , साइबर क्राइम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , साइबर फॉरेंसिक एवं डिजिटल साक्ष्य विषय रहे। साइबर सुरक्षा एवं साइबर कानून विषय पर आयोजित वेबीनार में डॉक्टर संगीता राय मैत्रा, प्राध्यापक, गवर्नमेंट सेंटर आफ लीगल एजुकेशन, हुगली मोहसिन कॉलेज, पश्चिम बंगाल; डॉ विवेक दीक्षित, प्राध्यापक, आईआईटी खडगपुर द्वारा अपने वक्तव्य दिए गए।

डॉ संगीता राय ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे समसामयिक एवं महत्वपूर्ण विषय पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने चैट जीपीटी , एलेक्सा जैसे अन्य रोमांचक और वर्तमान परिपेक्ष में उपयोगी एवं महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रकाश डाला। विशेष वक्ता के रूप में डॉक्टर विवेक दीक्षित प्राध्यापक आईआईटी खड़कपुर ने साइबर सुरक्षा के तकनीकी पहलुओं का विश्लेषण सरलीकृत कर किया। साइबर सुरक्षा के लिए किस प्रकार सॉफ्टवेयर की अनिवार्यता जो साइबर अटैक जैसे खतरों को बचा सके सुझाव दिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर कामिनी जैन, प्राचार्य शासकीय अग्रणी गृह विज्ञान महाविद्यालय नर्मदा पुरम मौजूद रही। उन्होंने साइबर सुरक्षा एवं साइबर कानून जैसे महत्वपूर्ण विषय पर वेबीनार के आयोजन हेतु आयोजको को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ कल्पना भारद्वाज, प्राचार्य शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम ने की। कार्यक्रम के समन्वयक डॉक्टर अभिषेक सिंह, सह- समन्वय शिवाकांत मौर्य, सचिव राजदीप सिंह भदोरिया रहे। राष्ट्रीय वेबीनार में प्रदेश एवं देश के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 150 से भी अधिक सहभागियों ने सहभागिता की।




### मतगणना प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर नियुक्त

# मतगणना में संलग्न कर्मचारियों का दो चरणों में होगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 26 अप्रैल 2024 को मतदान संपन्न होने के पश्चात भारत निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम अनुसार 4 जून को मतगणना की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। मतगणना के लिए संलग्न कर्मचारियों को 22 मई को प्रशिक्षण दिया जाना नियत है। सहायक नोडल प्रशिक्षण प्रबंधन लोकसभा निर्वाचन ने उक्त परिपेक्ष में जानकारी देते हुए बताया है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम, के निर्देशानुसार मतगणना अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण 22 मई को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नर्मदापुरम में दो चरणों में प्रथम पाली प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक सम्पन्न किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए राजेश जायसवाल, राकेश गौर, दुर्गेश नंदन व्यास, शरद शर्मा, राजेश शर्मा, अमिताभ शुक्ला, संदीपन नीखर, दिग्विजय सिंह खत्री, विनोद दुबे, संजय पवार, मनीष चौरे, मनीष सोनी, बाबूलाल चौरे, एम.वी. कनकराज मास्टर ट्रेनर्स की ड्यूटी आवंटित कर उन्हें निर्देशित किया गया है कि निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित होकर दोनों पालियों में मतगणना अधिकारियों को प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें।

## सहायक प्राध्यापक को निलंबित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संभागायुक्त डॉ. पवन कुमार शर्मा ने शनिवार को कमीशनिंग के कार्य में समय पर उपस्थित न होने व कारण पूछे जाने पर अशोभनीय व्यवहार एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने तथा पटवारी के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने पर शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी के सहायक प्राध्यापक स्नेहांशु सिंह को मप्र सिविल सेवा नियम 1966 के नियम -9 के अंतर्गत प्रथम दृष्टया गंभीर कदाचार का दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

निलंबन अवधि में स्नेहांशु सिंह को कार्यालय कलेक्टर नर्मदापुरम में नियत किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील रहेगा।

## खबर संक्षेप

### बाबा खाटू श्याम भक्त रोहित ने 850 किमी की यात्रा



**बैतूल।** भीषण गर्मी में लोग घर से बाहर निकलने में बच रहें हैं। ऐसे में ग्राम भडूस के निवासी युवक रोहित राजपूत ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन का पदयात्रा के माध्यम से जाने का संकल्प लिया और वह अब सफल होते दिख रहा है। श्री राजपूत अभी तक 850 किमी की पदयात्रा कर चुके हैं और 100 किमी शेष रह गए हैं। राष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने बताया कि श्री राजपूत ने यात्रा 28 अप्रैल को भडूस से प्रारंभ कर पाठर, सोहागपुर, भौरा इटारसी, नर्मदापुर,मंडीदीप भोपाल,शाजापुर,नरसिंहगढ़ ब्यावरा, खिलचीपुर, अचीवर,सुकेत,कोटा, अभी बूंदी शहर तक श्याम भक्त रोहित यात्रा कर चुके है। यात्रा के दौरान रोहित रास्तों के मंदिरों मे विश्राम कर रहे हैं। यात्रा निरंतर कर रहें हैं और उन्हें बाबा के दर्शन करने के लिए और 10 दिन लग सकते हैं।

### राजस्व निरीक्षक व पटवारियों की बैठक

**भैंसदेही।** एसडीएम ने शनिवार को राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की बैठक ली। बैठक तहसील कार्यालय भैंसदेही में आयोजित की गई थी। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैसदेही शैलेन्द्र हनोतिया ने राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए राजस्व निरीक्षक एंव पटवारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में तहसीलदार भैसदेही चन्द्रपाल इनवाती, नायब तहसीलदार झल्लार रामनाथ नागौरिया एंव तहसील भैंसदेही व झल्लार के राजस्व निरीक्षक एंव पटवारी उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क कला शिविर का आयोजन कल से

**बैतूल।** नृति डांस एकेडमी बैतूल के तत्वावधान में सोमवार, दोपहर 3 बजे से 8 बजे तक सांदीपनी विद्यानिकेतन स्कूल लिंक रोड में 30 दिवसीय नि:शुल्क कला शिविर (समर कैंप) आयोजित किया जा रहा है। संस्था के सोनू ठाकुर ने बताया कि शिविर में सभी आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं एवं महिलाएं भाग ले सकते है। इस शिविर में डांस, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट एवं फिटनेस के लिए जुम्बा, एरोबिक का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। श्री ठाकुर ने सभी से इस नि:शुल्क कैम्प का लाभ लेने का आग्रह किया है।

### प्रभात पट्टन रोड पर मोटरसाइकिल से गिरे दंपती

**मुलताई।** नागपुर नेशनल हाईवे 47 के प्रभात पट्टन रोड पर बाइक अनियंत्रित होने से बाइक पर सवार दंपती सड़क पर गिरकर घायल हो गए। बताया जा रहा है कि गुनता पति दुर्गादास गलफट निवासी रायआमला अपने पति दुर्गादास के साथ बाइक से ग्राम मालेगांव जा रही थी। तभी अचानक नेशनल हाईवे 47 के प्रभात पट्टन रोड पर उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वे दोनों बाइक से गिरकर घायल हो गए। जिन्हें 108 एंबुलेंस से मुलताई नगर के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया।

---

**वरिष्ठ नागरिक छात्रों को शैक्षणिक सफलता के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा देंगे**

## विश्वकर्मा बढ़ई समाज समिति आज करेगी मेधावी छात्रों का सम्मान

**बैतूल।** विश्वकर्मा बढ़ई समाज समिति, जिला बैतूल, अपने समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान करने जा रही है। समिति ने इस वर्ष 2024 में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। यह सम्मान समारोह आज रविवार 19 मई को विश्वकर्मा मंदिर, बैतूल गंज में शाम 4 बजे आयोजित किया जाएगा।

समाज समिति के अध्यक्ष गणेश मालवी ने बताया कि यह सम्मान समारोह एमपी बोर्ड और सीबीएसई में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से मेधावी छात्रों को प्रेरणा मिलेगी, साथ ही जिन छात्रों ने अपेक्षाकृत कम अंक प्राप्त किए हैं, वे भी भविष्य में अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

समिति ने सभी सामाजिक बंधुओं से अपील की है कि वे समारोह में उपस्थित होकर बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करें और उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दें। इस समारोह से समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और विद्यार्थियों के बीच प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान, समाज के वरिष्ठ नागरिक और गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे, जो छात्रों को उनके शैक्षणिक सफलता के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा देंगे। समाज समिति ने यह भी बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा ताकि समाज के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा सके।

---

**पारिवारिक विवादों के कारण पिछले एक साल से दोनों के बीच आ गई थीं दूरियां**

## संत शिरोमणि रविदास विकास समिति ने पति-पत्नी को किया एक



**बैतूल।** संत शिरोमणि रविदास समाज विकास समिति की बैठक में पिछले एक वर्ष से अलग रह रहे पति-पत्नी सीता और नवीन महोबे पुनः एक हो गए। समिति के जिला अध्यक्ष मुकेश झारे ने बताया कि सीता और नवीन का विवाह लगभग पांच वर्ष पहले हुआ था, लेकिन पारिवारिक विवादों के कारण पिछले एक साल से वे अलग-अलग रह रहे थे। नवीन ने समाज के समक्ष इस विवाद का समाधान करने का आवेदन दिया था। समिति की प्रथम बैठक में ही इस पारिवारिक विवाद का निराकरण हो गया। सास-बहू के बीच के विवाद और पति-पत्नी के बीच उत्पन्न समस्याओं को हल किया गया। समिति ने दोनों को पुनः एक साथ आने के लिए प्रेरित किया। बैठक के दौरान समिति ने पति-पत्नी को फूल मालाएं पहनाई और उन्होंने खुशी-खुशी साथ रहने का संकल्प लिया। समिति के सचिव कृष्ण कुमार बिंझाड़े ने बताया कि बैठक में और भी कई प्रकरण आए थे, जिनके निराकरण का प्रयास किया जा रहा है।

---

**बगडोना के व्यापारियों में शराब ठेकेदार के प्रति आक्रोश का माहौल**

# शराब ठेकेदार के गुर्गों ने घेर लिया था बगडोना के व्यापारी का घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

नगर पालिका परिषद सारनी क्षेत्र में शराब ठेका दो अलग-अलग ठेकेदारों के माध्यम से लिया गया है अभी दो माह का समय भी नही बीता है की शराब ठेकेदार के गुर्गों का आतंक सिर चढ़कर बोलने लगा है। बताया जाता है कि बगडोना के नरेंद्र मोटर्स पार्ट्स के संचालक विजय यादव के माध्यम से आमला से किसी कार्य को निपटाकर वापस आ रहे थे कि बगडोना के शराब ठेकेदार के गुंडो के माध्यम से उनकी कार के पीछे बोरी से लेकर बगडोना के हवाई पट्टी तक पीछा करने का कार्य किया गया 10 कार चालकों के माध्यम से इनको चारों तरफ से घेर कर इनकी कार की जबरदस्ती जांच करने का कार्य किया जा रहा था जिस पर विजय यादव के माध्यम से इसका विरोध किया गया।



**कार में किसी भी तरह की कोई शराब नहीं मिली**

पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी दिलीप यादव के माध्यम से मौके पर पहुंचकर विजय यादव के कार की जांच की गई लेकिन कार में किसी भी तरह की कोई शराब या संदिग्ध वस्तु प्राप्त नहीं हुई तब जाकर शराब ठेकेदार के नुमाइंदों के माध्यम से विजय यादव को छोड़ा गया यह घटना शुकवार रात की बताई जा रही है इस घटना के बाद बगडोना व्यापारी को इस घटनाक्रम की जानकारी दी गई जिस पर बगडोना के व्यापारियों में शराब ठेकेदार के लोगों के कार्य प्रणाली को लेकर आक्रोश है। बताया जाता है कि रविवार को बगडोना व्यापारी संघ के माध्यम से थाना प्रभारी एसडीओपी से मुलाकात करके बगडोना, पाथाखेड़ा सारनी के शराब ठेकेदार के आदमी जिनके द्वारा विजय यादव की गाड़ी को लगभग 35 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद 10 वाहनों से बगडोना के हवाई पट्टी पर घेर कर उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

**शराब की दुकान को मुख्य मार्ग से हटाया**

व्यापारियों ने यह भी मांग की कि बगडोना कॉलोनी मुख्य मार्ग पर है ऐसी स्थिति को देखते हुए बगडोना की शासकीय शराब की दुकान को हटाया जाए जिस स्थान पर शासकीय शराब की दुकान संचालित हो रही है वहां से लिटिल फ्लावर स्कूल की दूरी महत्व 60 मीटर के भीतर है जबकि 100 मीटर से अधिक की दूरी पर मंदिर एवं स्कूल प्रांगण के आसपास शराब की दुकान का संचालन नहीं किया जा सकता। शराब ठेकेदार के माध्यम से शराब की दुकान नियम के विरुद्ध संचालित की जा रही है ऊपर से बगडोना के नरेंद्र मोटर्स व्यापारी विजय यादव पर शराब कार मे लाने का निराधार आरोप लगाया।

**अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जारी रहेगी कार्रवाई**

## 6 सटोरियों से जब्त किए 6890 रुपए सट्टा एक्ट में कार्रवाई की गई

**सारनी।** विद्युत नगरी सारनी में विभिन्न स्थानों पर अवैध तरीके से सट्टा पट्टी लिखे जाने की शिकायत प्राप्त हो रही थी इस शिकायत के आधार पर अलग-अलग छह स्थानों पर दबीश देकर 6 युवाओं के पास से 6890 रुपये जप्त किया गया है। इन युवाओं के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई करने का कार्य किया गया है।सारनी क्षेत्र में सट्टे की शिकायतें प्राप्त हो रही थी जिसके चलते सटोरियो पर कार्यवाही सारनी पुलिस से एक टीम गठित कर सटोरियो पर दबिश दी गई ।गठित टीम द्वारा विभिन्न स्थानो से 06 सटोरीयो को पकडकर कार्यवाही की गई जिनमें रमेश पिता प्यारेलाल निवासी माँग मोहल्ला सारनी से 1120 रूपये एंव सट्टा सामग्री,दीपक पिता मलकू पंद्राम निवासी ईंट्टा भट्टा सारनी से 1140 रूपये एंव सट्टा सामग्री,राजेन्द्र पिता रामचंद्र निवासी ईंट्टा भट्टा सारनी से 980 रूपये एंव सट्टा सामग्री,सुनिल पिता धन्नू वरकडे निवासी ईंट्टा भट्टा सारनी से 1050 रुपये एंव सट्टा सामग्री, गुलावराव पिता मुकुंदचंद निवासी बाजार मोहल्ला सारनी से 1250 रूपये एव सट्टा सामग्री,सुखदेव पिता लक्ष्मण झरबडे निवासी लोहार मोहल्ला सारनी से 1350 रूपये एंव सट्टा सामग्री जप्त किये और आरोपियों को थाना लाये,जिन्होंने पूछताछ पर बताया कि मनमोहन मालवीय को सट्टा देते है, जिसे भी धारा 109 भादवि में आरोपी बनाया गया।



**इनका कहना है**

शिकायत के आधार पर अवैध तरीके से सट्टा पट्टी लिखने वाले छह लोगों के खिलाफ सट्टा एक्ट की कार्रवाई करके उनके पास से 6890 रुपये की राशि जप्त की गई है। शहर में चलने वाले अवैध गतिविधियों के खिलाफ इसी तरह कार्रवाई की जाएगी 6 युवाओं के खिलाफ धारा 109 भवति एवं सट्टा एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

**अरविंद कुमरे थाना प्रभारी सारनी**

---

**पेचकस, सब्बल और कटर के साथ एटीएम में चोरी के लिए पहुंचे थे बदमाश**

## एटीएम में चोरी करने वाली महाराष्ट्र की गैंग पकड़ाई





**बैतूल।** एटीएम में चोरी करने वाली महाराष्ट्र की गैंग को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली हैं। पुलिस अधीक्षक बैतूल निश्छल झरिया से मिली जानकारी के अनुसार गत 14-15 मई की रात करीब 00.35 बजे दो व्यक्तियों ने गोविन्द कॉलोनी आमला में ईएसएएफ (एरअऋ) बैंक के एटीएम की मनी डिस्पेंसर स्लीट पर प्लास्टिक की पट्टी पर गोंद जैसा पदार्थ चिपकाकर, किसी ग्राहक द्वारा रुपए निकालने के प्रयास के असफल हो जाने पर रुपए चोरी करने का प्रयास किया गया था। पुलिस की गाड़ी के सायरन की आवाज सुनकर अपराधी भाग गए थे। उक्त घटना की रिपोर्ट इएसएएफ बैंक के प्रबंधक द्वारा थाना आमला में की गई थी। पुलिस ने अपराध धारा 457 अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया । 16-17 मई की रात आमला पुलिस ने तीन चोर-साईं पिता श्रीनिवास अलेटी 20, रवि कुमार पिता अतरम जम्बी 20तथा किशोर अपचारी लोकेश, शालू पिता पिंटू चौहान 17 साल 8 माह, सभी निवासी अबदुल कलाम आजाद पार्क के पास, कॉलोनी न.3, बल्लारशाह रोड चंद्रपुर महाराष्ट्र को मीर दातार मजार से लगी रेल पटरी के पास से एटीएम तोड़कर चोरी की योजना बनाते हुए पकड़ा गया।

**अपराधियों ने कबूल किया अपराध-**

ईएसएएफ बैंक से प्राप्त फुटेज के आधार पर की गई पूछताछ आदि के दौरान इन अपराधियों ने 14-15 मई की रात ईएसएएफ बैंक में हुई घटना को स्वीकार किया है। इन अपराधियों में से लोकेश चौहान का पुलिस थाना रामनगर चंद्रपुर महाराष्ट्र में अपराधिक रिकॉर्ड भी है। आरोपी रवि कुमार बेलमपल्ली जिला मैंचेरियल तेलंगाना आरोपी लोकेश कानपुर का रहने बाला है। कुछ दिन पूर्व संपन्न क्राइम मीटिंग में भी एसपी श्री झरिया ने जिले के सभी थाना प्रभारी एवं अधिकारियों को इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के सम्बंध में निर्देश दिए गए थे। आमला पुलिस की सजगता से ही यह शातिर गैंग पकड़ में आई है।

---

**छतरपुर की अवैध रेत खदान से अवैध खनन और भंडारण का कार्य**

## ग्राम पंचायत सलैया के साईं लीला रेजिडेंट में अवैध रेता का भंडारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

जिला प्रशासन के माध्यम से अवैध रेता खनन और भंडारण करने वाले चार स्थानों पर दबीस देने का काम किया गया था और इन अवैध रेता खनन और परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 20 करोड़ से अधिक का जुर्माना इन पर लगाने का कार्य जिला प्रशासन के माध्यम से किया गया है। डेडूपुरा, पासईमाल,चिमडी,गुवाडी मैं अवैध रेता का खनन और परिवहन करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के बाद अवैध रेता भंडारण और परिवहन करने वालों में किसी भी तरह का भय का माहौल दिखाई नहीं दे रहा है। राजस्व विभाग के माध्यम से छतरपुर में रेत की खदान स्वीकृत नहीं है उसके बाद भी बे खौब होकर अवैध रेता का परिवहन और भंडारण करने का कार्य किया जा रहा है। शनिवार को 50 ट्रैक्टर ट्राली से अधिक रेता का भंडारण ग्राम पंचायत सलैया के साई लीला रेजिडेंट कॉलोनी में रखा गया था।




मौके की फोटो और वीडियो बनाकर कलेक्टर खनिज विभाग और घोड़ाडोगरी तहसीलदार को भेजकर इसकी शिकायत की गई है। आनंद-फनंद में साईलीला रेजिडेंट के संचालक और भाजपा के पदाधिकारी कृष्णा के माध्यम से ट्रैक्टर लगाकर रेत को हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया था अब सवाल यह उठता है की ढोकली राजस्व रेत की खदान है लेकिन रेट का खनन और परिवहन खैरवानी से किया जा रहा है जबकि छतरपुर में किसी भी तरह का राजस्व रेत खदान नहीं है उसके बाद भी रात 3 से लेकर सुबह 10 तक दर्जनों ट्रैक्टर ट्रालियों के जरिए छतरपुर से अवैध रेता का परिवहन और भंडारण करने का कार्य किया जा रहा है।

---

**ग्राम कोलगाँव में बड़ादेव पूजन**

## 75 दीपक प्रज्वलित कर आज मनाएंगे डागा की जयंती


**बैतूल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं बैतूल के पूर्व विधायक स्व. विनोद कुमार डागा की 75वीं जन्म जयंती पर आज रविवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उनकी जन्म जयंती के अवसर पर 19 मई रविवार को प्रात: 10.30 बजे न्यू डागा हाउस, गांधी चौक, कोठीबाजार में 75 दीपक प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व को याद किया जाएगा।



इस दिन ग्राम कोलगांव में शाम 6 बजे बड़ादेव पूजन और आरती का आयोजन एवं आदिवासी संस्कृति का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति के विभिन्न रंग देखने को मिलेंगे। इसके साथ ही भोजन प्रसादी का भी आयोजन होगा। इसके पश्चात शाम 7 बजे से स्व. डागा की स्मृति में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें विजेता टीमों को पारितोषिक वितरण किया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों में कोलगांव और आसपास के क्षेत्रवासियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। आयोजकों में कोलगांव, मॅचगोहान, जसौंदी, ताम्यागढ़, घुटीगढ़, नायकचारसी, सांईखंडारा, रौधा, दीवान चारसी, बोरीकांस, बगदरी, सालार्जुन, गोराखार, सरण्डई, बडोरी, हाथीडिंगर, चारबन, घोघरी, सेलगांव, ढोढरामोहार, पिपला, मांडवा, गाड़वा, हथनाझिरी, चुरनी, बोथी सियार, सिवनपाट, बोरपानी, मूसाखेड़ी के लोग शामिल होंगे।

---

## पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ी गोवंश से भरी पिकअप, दो आरोपी भी पकड़ाए





**मुलताई।** मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने गोवंश से भरी पिकअप को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पिकअप में 9 मवेशी ठूंस ठूंसकर भरे गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपियों बोरगांव झगौना- बल्होरा मार्ग होते हुये पीकप वाहन में गौवंश भरकर महाराष्ट्र की ओर जाने वाली है, सूचना पर ग्राम गौना में वाहन की चेकिंग की गई जो 18 मई को रात्रि करीबन 12 बजे पिकअप वाहन आता दिखाई दिया जिसे रूकने हेतू संकेत दिया लेकिन पीकप चालक वाहन को नही रोका और गौना जोड से बल्होरा कच्चा मार्ग पर भगाकर ले गया जिसे पीछा कर घेराबंदी कर पकडा गया , पिकअप वाहन में 9 नग गोवंश ठूंस ठूंसकर क्रूरता पूर्वक भरे होना पाया गया , पीकप चालक अर्जुन उर्फ डोमा पिता धनराज साहू जाति तेली उम्र 19 साल निवासी ग्राम बोरगांव थाना मुलताई जि. बैतूल और हेल्पर लीलाधर पिता रामकिशोर साहू जाति तेली उम्र 35 साल निवासी ग्राम बिसनूर थाना मुलताई जिला बैतूल के विरूद्ध अपराध धारा 4,6,9 गौवंश वध प्रतिषेध अधि. , 11(1)(घ) पशु क्रुरता निवारण अधि. का पंजीबद्ध किया गया । आरोपीगण से गौवंश एवं पिकअप को जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तारी किया गया जिन्हे न्यायालय पेश किया जावेगा। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मुलताई निरी. राजेश सातनकर ,चौकी प्रभारी मासोद उपनिरी. बसंत अहके , सउनि. महेश धाकड, प्रआर. रामकृष्ण सिलारे आरक्षक शिवराम परते एवं सुरक्षा समिति सदस्यों की भूमिका रही।

---

**क्षत्रीय लोणारी कुन्बी समाज महिला संगठन भैंसदेही का सहजीवनारंभ संस्कारपाती कार्यक्रम संपन्न**

# 100 नवयुगल जोड़ों को दिए पारिवारिक और सामाजिक जीवन जीने का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही

क्षत्रीय लोणारी कुन्बी समाज महिला संगठन ब्लाक भैंसदेही के तत्वावधान में उमा लान में सहजीवनारंभ संस्कारपाती कार्यक्रम किया गया। इसमें एक सैकड़ा से अधिक नवयुगल जोड़ों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सीता स्वयंवर की प्रतिमा एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के छायाचित्र का पूजन-अर्चन कर की गई। इस अवसर पर विशिष्टि अतिथि के रूप में मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, कुन्बी समाज जिलाध्यक्ष दिनेश मस्की, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हेमंत वागद्रे, ग्राम ईकाइ झल्लार के अध्यक्ष गणेशराव खाडे, कुसुम खाड़े, भैंसदेही नगर के वरिष्ठ नारायण घानेकर, पदमा घानेकर, एवं अतिथि कृष्णा गायकी, गोवर्धन राने, राजेश गावंडे, हर्षवर्धन धोटे, साधना चौहान, प्रवीण ठाकरे, विश्वानाथ धोटे, पुनाजी कापसे, हन्नू कनाठे, संगीता घोडक्री, डॉ. कृष्णा पाटनकर, डॉ. नितिन देशमुख सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ब्लाक अध्यक्ष मनीष नावंगे ने सभी उपस्थित अतिथियों एवं स्वाजातीय बंधुओं का आभार व्यक्त किया। गायत्री परिवार से अवनीश खंडागरे द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन एवं नवदंपतियों को पारिवारिक, सामाजिक, धार्मिक, जीवन जीने के सूत्र बताए। छोटी-छोटी बातों से परिवार में जो विघटन होता है एवं तलाक की स्थिति निर्मित होती है उन पर प्रकाश डाला गया।

**नवदंपतियों को जीवन के महत्वपूर्ण सूत्र बताए**

**राधा-कृष्ण की झांकी और भोज रहा आकर्षण का केन्द्र**

सहजीवनारंभ संस्कारपाती कार्यक्रम में राधा-कृष्ण की झांकी और नृत्य की प्रस्तुति लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र रही। राधा-कृष्ण की झांकी और नृत्य को खूब सराहा और प्रशंसा की। समाज द्वारा कार्यक्रम में पारंपरिक भोजन का भी आयोजन किया था। जिसमें सत्तू, मूंगफली, मक्का के पापड़, कुरोडी, आमरस, सेवई, मक्का-ज्वार, चना, उड़द, बाजरे की रोटी के साथ पाटोड़ी की सब्जी। इन सभी व्यंजनों को पारंपरिक रूप से दोना-हरिपत्तल की पंगत बैठाकर परोसा गया। नवयुगल युगल दंपतियों को प्रमिला धाड़से, संगीता घोड़की, रानी चड़ोकार, उषा गलफट, साधना चौहान तथा उमा फाउंडेशन इंदौर द्वारा उपहार भी वितरित किए गए।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका**

कार्यक्रम के आयोजन एवं सफल बनाने में महिला कार्यकारिणी अध्यक्ष सत्यदेवी लोखंडे, सामुहिक कन्यादान महोत्सव समिति अध्यक्ष पुष्पा खाड़े, माध्वी देशमुख, कविता कावडकर, छाया नावंगे, जयश्री कनाठे, नमिता धाडसे, अर्चना धाड़से, सुनीता माकोडे, अरुणा राने, मीना धोटे, मंगला लोखंडे, प्रतिभा धाड़से, चंद्ररेखा बारस्कर सहित महिला संगठन के विशेष सहयोग से कार्यक्रम संपन्न कराय गया।

संगठन की एक सुंदर पहल है। वास्तव में मनमोह लेने वाला है। मेरे जीवन का यह पहला कार्यक्रम है जिसे मैं सुख पल के साथ देख रहा हूं। क्योंकि यहां सभी नवयुगल, बुजूर्गो और युवा जोड़े के साथ बैठे है। समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम होने चाहिए। यदि कोई गलती हो तो उसे सुधारना चाहिए। अच्छाई हो तो समाज में देनी चाहिए। जिससे की समाज के लिए ओर अच्छा कर सके। कुन्बी समाज बैतूल जिले का बाहुल्य समाज है। एक समय था कि बहुसंख्यक लोग कृषि कार्य करते थे। वर्तमान में इसमें परिवर्तन हुआ है। समाज में व्यावसायिक क्षेत्र, शैक्षणिक क्षेत्र एवं राजधानी तक उच्च पदो पर समाज काम कर रहा है। हम आशांवित रहे कि आने वाला कल हमारा है। आपने मुझे बुलाया, मेरे जीवन में कई पल आये, मैंने जो किसी की मदद कर अगले दिन भूल गया। आपने वर्षो बाद मुझे याद दिलाई। मेरे लिये अच्छी बात है। समाज में कोई भी व्यक्ति काम आता है तो दोनों के लिए सुखद पल होता है। हम सब एक-दूसरे के काम आये यहीं ईश्वर से हमेशा कामना करता हूं।

**हेमंत खंडेलवाल, विधायक बैतूल**

भैंसदेही संगठन द्वारा किया गया कार्य समाज को विशेष प्रेरणा देता है। समाज में उच्च शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देना अति आवश्यक है। जिससे कि युवा, बच्चे स्वयं की प्रगति के साथ समाज की भी प्रगति में सहभागिता प्रदान करेगे।

**चंद्रशेखर देशमुख, विधायक मुलताई**

समाज की दशा एवं दिशा तय करने वाले नवयुगल दंपति का मैं स्वागत करता हूं। माता-पिता की सेवा के साथ-साथ संयुक्त परिवार में होने वाले विघटन को रोकने एवं बुजुर्गो का सम्मान करने की प्रेरणा प्रदान की।

**दिनेश महस्की, समाजसेवी**

इस संसार में माता-पिता से बढ़कर कुछ भी नहीं है। आज समाज जो परिस्थितियां बदली, वह हमे समाज ने नहीं दी। बुजुर्गो-बड़े के सम्मान में जो कमी आई, इसमें हमारी कमजोरी है। हमें अपने परिवार के बड़े-बुजुर्गो से बात करना चाहिए, जिससे हम उचित निर्णय के साथ सही रास्ते पर चल सके।

**हेमंत वागद्रे, जिलाध्यक्ष कांग्रेस बैतूल**

परिवार को तोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका वर्तमान में मोबाइल की है। क्योंकि छोटी-छोटी बाते बहूं अपने ससुराल की मायके बताती है। जिससे परिवार में विवाद उत्पन्न होता है और तनाव जैसी परिस्थितियां निर्मित हो जाती है। मोबाइल की अपेक्षा आपसी संवाद होना चाहिए।

**गोवर्धन राने, समाजसेवी**

---

## यूथ क्लब ने मातोश्री वृद्धाश्रम में बांटे दैनिक उपयोगी सामान



**बैतूल।** मातोश्री वृद्धाश्रम ग्राम उड़दन में आवाज दो हम ज़न्दिा है यूथ क्लब द्वारा सेवा कार्य के तहत वृद्धाश्रम में रहने वाले वरिष्ठजनों को दैनिक उपयोग के आवश्यक सामान वितरित किए गए। इनमें चप्पल, तौलिया, सर्फ़, साबुन, पेस्ट, ब्रश, नेल कटर, नहाने का साबुन, तेल, अगरबत्ती, शैम्पू, कंघा, बोरो प्लस पावडर, और ईयरबड्स शामिल थे। यूथ क्लब का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों की सहायता करना है, जिसमें गरीब बच्चों की शिक्षा, गरीबों की मदद, सामाजिक कार्य, युवाओं को रोजगार दिलाने में मदद, अनाथों और विधवाओं की सहायता शामिल है। इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को उनकी दैनिक जरूरतों के सामान उपलब्ध कराना था, जिससे उनका जीवन थोड़ा सरल और सुविधाजनक हो सके। यूथ क्लब के सदस्यों ने इस अवसर पर कहा कि वे समाज सेवा को अपना कर्तव्य मानते हैं और आगे भी इसी प्रकार के कार्यों को निरंतर करते रहेंगे। वृद्धाश्रम के वरिष्ठजनों ने इस सहयोग के लिए क्लब के सदस्यों का धन्यवाद किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम की सफलता में क्लब के सभी सदस्यों का समर्पण और प्रयास सराहनीय रहा, जो युवाओं के समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और योगदान को दर्शाता है।

### वर्षा पूर्व जेसीबी मशीन से बड़े नालों नालियों की सफाई अभियान चलाया गया

# बाढ़ आपदा प्रबंधन एवं अतिवृष्टि से निपटने नपा ने नालों की सफाई की

बाढ़ आपदा प्रबंधन एवं अतिवृष्टि से निपटने के लिए नगर पालिका ने नालों की सफाई का कार्य शुरू किया गया है। जिससे बारिश के दिनों में बाढ़ से निपटा जा सके।



हरिभूमि न्यूज ⏭सिवनीमालवा

नगर पालिका सिवनी मालवा द्वारा बाढ़ आपदा प्रबंधन एवं अतिवृष्टि से निपटने की तैयारी हेतु वर्षा पूर्व जेसीबी मशीन से शहर के वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक के सभी नाले नालियों की साफ-सफाई गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है।

ताकि डूब प्रभावित क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति निर्मित ना हो जिसमें वार्ड नं 7,8,9,10,11,12 के नाला एवं नालियों की साफ सफाई का कार्य किया जा चुका है एवं अन्य स्थानों पर भी कार्य किया जा रहा है एवं विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत नागरिकों को भी अपने घरों से निकलने वाले कचरे को प्रतिदिन नगरपालिका के स्वच्छता वाहन में कचरा डालने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

सफाई अभियान में स्वच्छता निरीक्षक डॉ प्रशांत कुमार शर्मा, सचिन मलैया,प्रभारी सफाई जमादार नरेंद्र गोहर,रूपसिंह राठौर एवं सफाई दल उपस्थित रहे। मुख्य नगरपालिका अधिकारी शीतल भलावी बताया कि शासन के निर्देशानुसार आपदा प्रबंधन अंतर्गत अतिवृष्टि एवं बाढ़ आपदा से निपटने के लिए विशेष दल गठित कर जेसीबी मशीन के द्वारा नालो एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है।

# स्वच्छ भारत अभियान के तहत वर्षों से बंद नाली को कराया गया साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया



जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पचलावरा के सरपंच प्रदीप मेहरा, सचिव अनिल पांडे के द्वारा रोजगार सहायक आदि की ग्राम वासियों की उपस्थिति में मुख्य मार्ग पर कई वर्षों से बंद नाले को जेसीबी मशीन के माध्यम से साफ कराया गया तथा निकले हुए कचरे को जेसीबी मशीन से साफ कर कर ट्रैक्टर ट्राली लगवा कर उसे वहां से काफी दूर डलवाया गया है जिससे कि वह कचरा पुन इस नाले में ना गिरे। वार्ड वासी एवं ग्राम पंचायत सेमरी तला के सचिव महेश पटेल ने बताया कि काफी गहरा नाला लंबे समय से बना हुआ था जो लंबे समय के बाद ही साफ हो रहा है मुख्य मार्ग के किनारे कचरे के ढेर लगे हुए थे जिन्हें पंचायत के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत साफ कराया गया है जिससे मुख्य मार्ग होने से लोगों ने काफी राहत की सांस ली है। ग्राम पंचायत की जनपद सदस्य के माध्यम से पंचायत को राशि प्राप्त होना है जिससे कि विकास कार्य भी कराए जाएंगे वर्तमान सचिव एवं सरपंच के द्वारा काफी विकास कार्य विधायक निधि सांसद निधि के माध्यम से कराई जा रहे हैं।

स्पीक इन स्वच्छता के नाम पर यह पहला काम इतना बड़ा हुआ है क्योंकि अभी तक यहां के ग्राम वासी भी इस मामले में सहयोग नहीं करते हैं स्वच्छता के मामले में सबसे पिछड़ा हुआ गांव पचलावरा को ही माना जाता था। लेकिन अभी वर्तमान सरपंच सचिव के द्वारा सबसे अच्छा वर्ड ग्राम रखने का प्रयास किया जा रहा है सरपंच ने बताया कि ग्राम में अन्य जगह की स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिससे बरसात के पूर्व साफ सफाई कर कर आने वाले बरसात के दिनो लोगों के घरों में पानीना भरे इसलिए व्यवस्था की जा रही है।

# पानी के पाउच प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर बिक रहे, विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया




नगर में पानी के पाउच जो कि लगभग 200 एमल का रहता है जिसकी कीमत 2 रूपए प्रिंट पाउच पर डाला हुआ है। लेकिन दुकानदारों के द्वारा वहीं पाउच 5 रूपए में बेचा जा रहा है। लेकिन अभी तक खाद्य एवं औषधि विभाग का कहीं कोई पता नहीं है। वर्ष 2023-24 में खाद एवं औषधि विभाग के द्वारा नगर में किसी भी होटल पर या किसी भी दुकान पर छापा मार करवाई नहीं की गई है जहां पर की पानी के पाउच या अन्य खाद्य सामग्री बेची जाती है। यहां तक की खाद एवं मोदी प्रशासन विभाग के लिए पैकेज ड्रिंकिंग वॉटर के आज दिनांक तक कोई नमूने नहीं लिए गए हैं और ना ही प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। नाही जिला कलेक्टर के द्वारा पिपरिया विधानसभा में हो रहे इस व्यवसाय को लेकर जिला कलेक्टर से लेकर जिला अधिकारियों के द्वारा पानी के निर्माण यूनिट गणपति इंडस्ट्रीज अजनेरी सुहागपुर परिसर से भी पिपरिया में पानी की सप्लाई। जिला कलेक्टर के द्वारा अजनेरी में जांच करने के नमूने लेने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन पिपरिया में आज दिनांक तक अधिकारियों के द्वारा ना ही पीने के पानी के नमूने लिए गए हैं और ना ही कोई कार्यवाही की गई है। इसके कारण प्रिंट रेट से अधिक में पानी के पाउच बेची जा रहे हैं। इसके लिए नगर वासियों के साथ-साथ पचमढ़ी में आने वाले टूरिस्ट स्वास्थ्य सेवी खिलवाड़ किया जा रहा है। उसके बाद भी शासन के द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।इस बारे में खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारी से चर्चा की गई तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

# कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश पर फूड एंड ड्रग विभाग ने की कार्रवाई

### पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के लिये सैंपल , टेस्टिंग के लिये लैब भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭सोहागपुर



यहां शुक्रवार को जिला कलेक्टर सोनिया मीणा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावर ने अपनी टीम के साथ ग्राम अजनेरी की गणपति इंड्रस्ट्री की वाटर यूनिट से पानी के पाउच के तीन सेंपल लिये है और वाटर यूनिट का निरीक्षण भी किया। अजनेरी में वाटर यूनिट में एक्सवाट और ट्राई वन नाम से मिनरल वाटर पैक किया जाता है। इसके साथ साथ पानी के पाऊच भी बनाये जाते है , जो पिपरिया , सोहागपुर , बाबई तक सप्लाई किये जा रहे हैं।

उक्त पैक्ड वाटर पाऊच की गुणवत्ता को लेकर विगत दिनों आमलोगों सहित मीडिया ने भी आवाज़ उठाई थी , जिसके बाद बड़ी कार्यवाई की गई है। बता दे कि शुक्रवार को अजनेरी पहुचे फूड एंड ड्रग ऑफिसर कमलेश दियावर ने एक्यू डब्ल्यूएटी पैकेज ड्रिंकिंग वाटर की 30 बोरिया जिसमें 2400 पैकेट जप्त किये गए।

सभी नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। जांच के बाद नियमानुसार कार्यवाई की जाएगी, बता दे कि अजनेरी में बने वाटर प्लांट को लेकर पहले भी शिकायत की गई है, गाडरवारा के संदीप जायसवाल द्वारा अजनेरी में एक्वाट और ट्राई वन नामक ब्रांड का पानी पैक कर बजार में सप्लाई किया जाता है।

# छात्रा सिद्धिका को कलेक्टर ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭बनखेड़ी

बनखेड़ी में कक्षा दसवीं में जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर जिला प्रतिभा सम्मान समारोह में कलेक्टर सोनिया मीना ने सिद्धिका पटेल पिता महेंद्र पटेल बनखेड़ी को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया,सिद्धिका ने कक्षा दसवीं में 95.8 प्रतिशत अंक पाकर जिले की मेरिट सूची मे दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

## गेहूं उर्पाजन की अवधि 31 मई तक बढ़ाई गई




हरिभूमि न्यूज ⏭नर्मदापुरम

रवि विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर एवं उज्जैन संभाग में उपार्जन की अवधि 31 मई तक के लिए बढ़ाई गई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में उपार्जन की समय सीमा 20 मई 2024 तक निर्धारित थी, जिले अब बढाकर 31 मई कर दिया गया है।

# कादर बाबा के आस्ताने पर पेश की जाएगी चादर शरीफ

हरिभूमि न्यूज ⏭माखननगर



मकान नगर हर वर्ष हजरत कदर बाबा रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी कादर बाबा कमेटी द्वारा सालाना अजीसुशसन उर्स मुबारक का आयोजन किया जा रहा है मंगलवार 21 मई को संदल व गुसल शरीफ बुधवार 22 मई को 2 बजे जमा मस्जिद से चादर शरीफ निकल जाएगी जो नगर के प्रमुख मार्गों पर गस्त करते हुए बाबा के आस्ताने पर पेश की जाएगी।

# ठेकेदार ने मुक्तिधाम में किया गिट्टी का स्टॉक

### पंचायत ने स्टॉक हटाने का दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭माखननगर

ग्राम पंचायत समोन के सचिव ने लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार संतोष जैन को नोटिस देकर मुक्तिधाम में किए गए गिट्टी के स्टाक को हटाने को कहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण ठेकेदार ने मुक्ति धाम में गिट्टी का स्टाक किया है जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। मुक्तिधाम के बाजू में रिक्त प्लाट का उपयोग गांव के बच्चे खेल मैदान के रूप में करते थे लेकिन गिट्टी का स्टाक करने से बच्चे खेल नहीं पा रहे हैं और ग्रामीणों को भी परेशानी हो रही है ग्राम पंचायत ने नोटिस देकर 7 दिवस में स्टाक हटाने को कहा है स्टाक नहीं हटाने पर नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

# बजरंग दल प्रांत शौर्य प्रशिक्षण वर्ग हेतु बजरंगी सीहोर के लिए रवाना

### बजरंगियों का तिलक कर हमाला पहनाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭सिवनीमालवा



बजरंग दल प्रांत शौर्य प्रशिक्षण वर्ग सीहोर 18 मई से 25 मई के लिए सिवनी मालवा बजरंग दल के कार्यकर्ता हुए रवाना। उक्त जानकारी देते हुए बजरंग दल नगर संयोजक भुरू बग्गन ने बताया की बजरंग दल हिंदू तरुणाई को सबल एवं सक्षम बनाने हेतु प्रतिवर्ष मई माह में शोर्य प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करता है। इस वर्ष बजरंग दल मध्य भारत प्रांत का प्रांत शोर्य प्रशिक्षण वर्ग 18 मई से 25 मई तक सीहोर के श्यामपुर में आयोजित होने जा रहा है प्रांत शोर्य प्रशिक्षण वर्ग में सिवनी मालवा से जाने वाले आयुष योगी अमन मानिक राम योगी आदि कार्यकर्ताओ के जाने पर स्थानीय कार्यालय एवं पार्किंग मैदान पर बजरंगियो का विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री शिव राठौर की उपस्तिथि में जिला उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी, नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेंद्र गौर, बजरंग दल नगर संयोजक भुरू बग्गन आदि एवं कार्यकर्ताओ ने तिलक लगाकर हार माला पहनाकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। वर्ग से प्रशिक्षण प्राप्त नई ऊर्जा का संचय कर संगठन कार्यों में लगने वाले कार्यकर्ताओ का संकल्प हेतु शुभकामनाएं मंगल कामना की। बजरंग दल कार्यकर्ताओं के प्रांत शोर्य प्रशिक्षण वर्ग में जाने पर स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री शिव राठौर, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी, नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेंद्र गौर, नगर अध्यक्ष डा सौरभ रघुवंशी, नगर सामाजिक समरसता प्रमुख रविन्द्र छीरेले, नगर सह संयोजक निक्की राठौर , नगर अध्यक्ष डॉ सौरभ रघुवंशी, जितेंद्र राठौर, नगर उपाध्यक्ष नरेंद्र योगी, वीरूगन गोरे, राम योगी, आयुष योगी, अमन माणिक , विवेक जकनोरे, दीपक प्रजापति, तरूण सुनानियां, विनोद चौहान, जानी नागले, भूरू सेन, अभिषेक लोवंशी, सुमित सराठे, विजय प्रजापति, कल्लू बग्गन, सुशील गोहर, मनीष छिरेले, कमल लोवंशी, धनराज बर्दे, दिनेश बाथब, बल्लू मराठा, प्रदीप तिवारी, कृष्णकांत व्यास, ओम प्रकाश जोशी आदि ने स्वागत कर रवाना किया गया।

# निशुल्क शिविर में ढाई सौ मरीजों की जांच कर दी गई दवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭नर्मदापुरम



अल्वी बाबा जनकल्याण समिति के तत्वावधान में गौतम वार्ड के मारूपुरा सुहागपुर में ढाई सौ मरीजों की निशुल्क जांच की गई एवं दवाई वितरित की गई जांच में चिन्हित मरीजों को भोपाल की लालघाटी स्थित प्रसिद्ध तृप्ति अस्पताल में इलाज के लिए बुलाया गया है।

शनिवार को स्वर्गीय केएस अल्वी की धर्मपत्नी एवं श्री जहांगीर अल्वी की माताजी स्वर्गीय परवीन अल्वी की पुण्यतिथि पर भोपाल की तृप्ति अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉक्टर जसवीर कौर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राकेश महावर, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सोमेश माथुर, फिजिशियन डॉक्टर अमीता तिवारी, डॉक्टर निधि भार्गव, डॉक्टर अंजली, डॉक्टर शंभू चौकसे, डॉक्टर नलिनी, डॉक्टर योगेश शुक्ला तथा तृप्ति अस्पताल के संचालक राजेश कटियार ने शिविर में मरीजों की जांच की एवं दवाई देकर उचित सलाह दी।

निशुल्क चिकित्सा शिविर में जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 9 नर्मदा पुरम हाकम सिंह गुर्जर पूर्व मंडी अध्यक्ष राजा भैया पटेल विधायक विधायक प्रतिनिधि मिथिलेश ठाकुर हीरा गोलानी बंटी खान समेत शहर एवं क्षेत्र के कई नागरिकों ने शामिल होकर स्वर्गीय परवीन अल्वी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया

### सात दिनों में ही सबकी मृत्यु निशिचत है आठवां दिन नहीं आएगा, भवसागर से पार होने सतकर्म कर लें

# भागवत कथा में आने के लिए मन रूपी बकरे को मारना ही होगाः तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर






संत के गले में मरा हुआ नाग डालने के कारण श्रापित हुए राजापरिक्षित की मृत्यु तक्षक नाग के काटने से सात दिनों में होना निश्चित थी। संतों मुनियों ने मृत्यु को मौक्ष बनाने का उपाए बताते हुए राजापरिक्षित को श्रीमद भागवत कथा सुनने के लिए कहा था। हम सब की मृत्यु भी सात दिनों में निश्चित है आठवां दिन नहीं आएगा। मृत्यु से पूर्व भवसागर से पार होने के लिए सदकर्म कर लेना चाहिए उक्त उद्गार कस्बा स्थित भगवान नृसिंह मंदिर परिसर में नृसिंह जयंती महोत्सव के अंतर्गत आयोजित श्रीमद भागवात कथा के दूसरे दिन गुरूवार को भागवत भूषण पं. रविशंकर तिवारी ने श्रद्धालुओं के समक्ष व्यक्त किए। पंडित श्री तिवारी ने कहा कि भगवान की कथा में सरलता से मन नहीं लगता है। भक्त को मन रोकता है टोकता है ऐसे बकरा रूपी मन को मारकर ही भागवत कथा में आया जा सकता है। उन्होने कहा कि भगवान में जब मन लग जाता है तो मरना नहीं पड़ता है मोक्ष मिल जाता है। सुखदेव बाबा कहते है कि सात दिनों में जन्म होता है और मरण होता है किसी के लिए भी आठवां दिन नहीं बना है हम सबकी मृत्यु तय है इस लिए भगवान का सुमिरन कर लेना चाहिए। सुखदेव बाबा ने राजापरिक्षित को 18 हजार श्लोक सुनाऐ। संगीतमय कथा के दौरान मुख्य यजमान के द्वारा पंडित हरीश तिवारी के सानिध्य में भागवतजी की पूजा अर्चना की गई। पंडित श्री तिवारी के द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालुजन भावविभौर होकर नृत्य करते दिखाई दिए। कथा सुनने लिए बड़ी संख्या में कस्बा सहित आसपास के क्षेत्रवासी श्रद्धालुगण पहुंच रहे है।

**आम- सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की फर्म मेसर्स सुधीर इंडस्ट्रीज, पता :- इटारसी जिला होशंगाबाद (म.प्र.) में स्थित है जिसका फर्म एवं सोसायटी कार्यालय भोपाल में पंजीयन क्र. 99 सन 1999-2000 में दिनांक 19 जनवरी 2000 में पंजीयत है। जिसमे दिनांक 01/04/2024 को पार्टनर श्री कैलाश डोंगरे पिता श्री के. एल. डोंगरे, पताः न्यास कालोनी, इटारसी जिला होशंगाबाद (म.प्र.) अपनी स्वेच्छा से प्रथक हो रहे है, तथा इसी दिन दिनांक 01/04/2024 को दो नए भागीदार 1) अभिमन्यु कठल पिता स्व. श्री सुनील कुमार कठल, इटारसी एवं 2) अमन सिंह पिता श्री मनमीत सिंह संधु विला न.17 फेज-3, पेवलवे भोपाल, फर्म मे सम्मलीत हो रहे है, अब दिनांक 01/04/2024 से फर्म मेसर्स सुधीर इंडस्ट्रीज मे चार भागीदार क्रमशः 1) श्रीमती माया कठल 2) श्रीमती आरती संधु 3) श्री अभिमन्यु कठल 4) अमन सिंह रहेंगे। सर्व साधारण को सूचनार्थ

**मेसर्स सुधीर इंडस्ट्रीज**
**पार्टनर : अभिमन्यु कठल**

### मामला ग्राम पंचायत नानकौड़ी में मुक्तिधाम मार्ग निर्माण का

# 'मनरेगा ने बदल दी विकास की परिभाषा: हरे-भरे वृक्ष व झाड़ियों की बलि, जेसीबी ने किया जमींदोज

## पर्यावरण को पहुंच रहा खतरा, जिम्मेदारों ने पल्ला झाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झिरन्या

मनरेगा में विकास के नाम पर हरे भरे वृक्ष और झाड़ियों की बलि देने का अंतहीन सिलसिला चल रहा है। इस आदिवासी अंचल में बेखौफ होकर जेसीबी मशीनें हरियाली को बेरहमी से जमींदोज कर रही है। वहीं पंचायती राज संस्थाओं ने इस योजना से विकास की परिभाषा ही बदल दी है। पर्यावरण को ख़तरा पहुंच रहा है। जिससे निमाड़ में भी सूरज की तपन और भीषण गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है।

ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत नानकौड़ी में सामने आया है, लेकिन सभी जिम्मेदारों ने पल्ला झाड़ लिया है। कमोबेश, यह मामला भी अन्य घटनाक्रमों की तरह फाइलों में दफ़न हो जाता, लेकिन ग्राम ईरपुर में एक महिला की शव यात्रा में पहुंचे ग्रामीणों ने उक्त नजारा देखकर विपरीत प्रतिक्रियाएं व्यक्त की। सरपंच पति दिनेश बामनिया ने बताया कि वे भी मंगलवार को शव यात्रा में पहुंचे थे और रास्ता संकरा होने से दिक्कतें आ रही थी। उपसरपंच जाकिर खान ने बताया कि ग्रेवल रोड निर्माण की उन्हें जानकारी है, लेकिन मेरे कार्य स्थल पर नहीं जाने से उन्हें वस्तुस्थिति पता नहीं चल सकी है। किसान लच्छु जमरा ने बताया कि रोड का काम शुरू हुआ तब वह बाहर गांव गया था और दूसरे खेतों में पेड़ उखड़े हैं, जिसकी जानकारी मुझे नहीं है। उल्लेखनीय है कि मार्ग के किनारों पर वृक्ष एवं झाड़ियों में नीम, बेर, बबूल, सुबबूल आदि थे। पयंत्री शीला सोलंकी ने दूरभाष पर बताया कि मैं प्रसूता अवकाश पर थी और खरगोन मीटिंग में आई हूँ और इसके बाद ही मैं कुछ कह पाउंगी। जबकि एपीओ (मनरेगा) जीएस सोलंकी ने जानकारी नहीं होने की बात कही।





### मेरी अनुपस्थिति में हुई घटना

सम्पूर्ण मामले को लेकर रोजगार सहायक राकेश मोरे ने कहा कि उक्त घटनाक्रम के समय मैं कार्य स्थल पर मौजूद नहीं था और मुझे इसकी जानकारी बाद में मिली है। उन्होंने बताया कि मैंने एक दिन पूर्व ले आउट दिया था और इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि एवं रतनभाई नायक सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। मैंने उनसे निवेदन किया कि वर्क्षो की कटाई नहीं करें, लेकिन वहां के कतिपय किसान एवं अन्य लोगों ने दबाव देकर उक्त घटना की है। मुझे भी इससे दुःख हुआ है और मैंने पुनः ईरपुर जाकर ग्रामीणों को पेड़ पौधों के साथ छेड़छाड़ नहीं करने की समझाइश दी है।

### इनका कहना है

ग्राम पंचायत नानकौड़ी में मुक्तिधाम मार्ग निर्माण में वृक्षों और झाड़ियों को नष्ट करने की घटना की जांच सहायक यंत्री (मनरेगा) द्वारा कराई जाएगी।

**महेंद्रकुमार श्रीवास्तव, सीईओ जनपद पंचायत झिरन्या**

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

# वाहन नहीं मिला तो हाथ ठेले पर मां का शव ले जाने लगा बेटा, कुछ देर बाद आया शव वाहन






हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा

शनिवार को सोशल साइट्स पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक युवक अपनी मृत मां के शव को हाथठेला पर रखकर अस्पताल से बाहर ले जाता दिखाई दे रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह रही कि इस दृश्य को लोगों ने न केवल देखा अपितु उसका वीडियो भी बनाया पर किसी भी शख्स ने उस युवक की मदद नहीं की। इतना ही नहीं इससे बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण बात यह रही कि अस्पताल के किसी भी कर्मचारी ने उस बेवश युवक की मदद करने की पेशकश तक नहीं की।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने एक वीडियो सीसीटीवी फूटेज का जारी किया। जिसमें दावा किया कि जब बीएमओ डॉ आरके विश्वकर्मा को यह जानकारी लगी, तब उन्होंने युवक से रुकने के लिए कहा तथा शव वाहन के लिए नगर परिषद को सूचना दी। करीब आधा घंटे बाद शव वाहन आने के बाद शव को रवाना किया गया। डॉ विश्वकर्मा ने बताया कि शनिवार सुबह लगभग दस बजे सीने में दर्द की शिकायत के साथ वार्ड नं 3 की महिला लीलाबाई शिवप्रसाद (70) अस्पताल आई थी, जिसे आनड्यूटी डॉ शुभम गौर ने एडमिट कर उपचार शुरू किया, इस दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के बाद उस महिला को बेड पर से स्ट्रेचर पर शिफ्ट कर गैलरी में पहुंचा दिया तथा मृतक के परिजनों को शव वाहन आने तक इंतजार करने के लिए कहा। इस बीच मृतिका के परिजन उसे हाथठेला से ले जाने लगे, जब उन्हें जानकारी लगी तब उन्होंने उसे रोककर शव वाहन आने तक इंतजार करने के लिए कहा। करीब आधा घंटा बाद शव वाहन आने के बाद परिजन मृतिका को शव वाहन से ले गए।

### इनका कहना है

हमें जानकारी मिली, लेकिन जब हकीकत पता कि तो बताया कि जानकारी मिलते ही चिकित्सक ने युवक से रुकने के लिए कहा तथा शव वाहन के लिए नगर परिषद को सूचना दी, कुछ देर में शव वाहन आया और शव को वाहन से भेजा।

**- एचपी सिंह, सीएमएचओ हरदा**

# स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बुरहानपुर

शनिवार दोपहर मप्र राज्य कर्मचारी संघ बुरहानपुर की ओर से सीएमएचओ डॉ. राजेश सिसौदिया को स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। स्वझस्थ्य विभाग में पदस्थ आउटसोर्स डाटा एंट्री ऑपरेटर के वेतन, एएनएम को आवंटित गर्भवती और जन्म दर संबंधित और सामुदायि स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में पदस्थ अधिकारियों कर्मचारियों की आवासीय भवनों की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। सीएमएचओ ने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप इंगले, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री संजय चौधरी, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की उपाध्यक्ष निशा प्रसाद, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश पवार, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की जिला उपाध्यक्ष विद्या पाटिल, जिला सह सचिव व स्वास्थ्य प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष आसिफ पिंजारी, ब्लाक अध्यक्ष सुनील कोटवे, ब्लाक सचिव विनोद चौधरी, विजय राऊत सहित आउटसोर्स कर्मचारी मौजूद थे। सभी ने समस्याओं से अवगत कराया।

# विधायक से मिले किसान, पानी की समस्या बताई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा

विधायक डॉ रामकिशोर दोगने को क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान ग्राम कनारदा एवम खारपा के किसानों द्वारा ज्ञापन सौंप कर नहर में पानी नहीं मिलने की समस्या से अवगत कराया। किसानों ने समस्या का शीघ्र समाधान किए जाने का निवेदन किया। ज्ञापन में बताया है कि ग्राम कनारदा एवं खारपा के किसानों को पानी नहीं मिलने के कारण उनकी फसल सूख रही है। यदि शीघ्र ही पानी नहीं मिलता है तो उक्त ग्राम के किसानों को बड़ी आर्थिक क्षति पहुंचेगी। जिस पर विधायक डॉ. दोगने द्वारा तत्काल हरदा कलेक्टर से दूरभाष पर चर्चा कर किसानों की समस्या से अवगत कराया गया। हरदा कलेक्टर द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि दो दिवस के अंदर जिले के समस्त किसनो की पानी की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।



# बिजली कंपनी आज सीके ग्रीन फीडर का कराएगी मेंटेनेंस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बुरहानपुर

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की ओर से रविवार और सोमवार को दो अलग-अलग फीडरों का मेंटेनेंस कराया जाएगा। इसके कारण कुछ क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से 11 बजे तक 4 घंटे बिजली सप्लाई प्रभावित होगी। बिजली कंपनी कार्यपालन यंत्री शहर प्रेमचंद पटेल ने बताया 11 केवी सीके ग्रीन फीडर आंशिक का 19 मई रविवार को आवश्यक रखरखाव कार्य किए जाने के कारण सुबह 7 बजे से 11 बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। जिसके कारण पापा इलेक्ट्रीकल, सैफी मार्बल, बैंक कॉलोनी, श्रीमाया होटल, बीज निगम, चाणक्यपुरी कॉलोनी, गुरू गोविंदसिंह कॉलोनी, यातायात थाना, रजिस्ट्रार ऑफिस के आसपास विद्युत प्रदाय बंद रहेगा।

### सोमवार को महाजनापेठ फीडर का मेंटेनेंस

सोमवार 20 मई को 11 केवी सीके महाजनापेठ फीडर आंशिक का आवश्यक रखरखाव कार्य किए जाने के कारण सुबह 7 बजे से 11 बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। इसके कारण सौ खोली क्षेत्र, एम 36-2 घासलेट डीपो, सतियारा घाट आदि के आसपास विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। कार्य की आवश्यकता के अनुसार समय कम ज्यादा भी किया जा सकता है।

# वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर 20 को

**हरदा।** राष्ट्रीय वृद्धजन देखभाल कार्यकम के अंतर्गत 20 मई को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हरदा के जिला चिकित्सालय हरदा में होगा। जिसमें डा. मनीष शर्मा, डा. संध्या नेमा, डा. शैलेन्द्र ठाकुर,डॉ कपिल पटेल, सहित कई चिकित्सक अपनी सेवाये देने के लिए उपलब्ध रहेग। इस दौरान 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति का सघन स्वास्थ्य परीक्षण, जॉच, उपचार एवं परामर्श एन.डी. क्लीनिक में किया जाएगा। यहीं पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में समस्त पात्र व्यक्तियों के आयुषमान कार्ड एवं हेल्थ आईडी कार्ड बनाए जाएंगे।

### 140 वाहन चालकों के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

# जिले में यातायात पुलिस की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खंडवा

पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र तारणेकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्ग दर्शन में जिले में प्रतिदिन वारंटियों की धर पकड़ की जा रही है, जिसके तहत जिले में 6 गिरफ्तारी वारंट, 22 जमानती वॉरन्ट, 46 समंस जिले के विभिन्न थानों द्वारा अलग अलग न्यायालय के तामील किए गए। इसके साथ ही जिले भर में यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय द्वारा उप पुलिस अधीक्षक यातायात खंडवा आनंद स्वरुप सोनी एवं थाना प्रभारी यातायात सौरभ कुशवाह को कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। जिसके पालन में लगातार शुक्रवार से उप पुलिस अधीक्षक यातायात एवं थाना प्रभारी यातायात द्वारा यातायात स्टाफ तथा नगर निगम अतिक्रमण दस्ता प्रभारी अजय सारसर की टीम के साथ मिलकर नगर निगम तिराहा, बॉम्बे बाजार, घंटा घर तिराहा, केवलराम चौराहा, रेल्वे स्टेशन तिराहा में अतिक्रमण किए हुए दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही की गई और रोड पर रखा सामान जप्त किया।

### 62100 रुपए वसूल किए

जिले में यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना हेलमेट, सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले कुल 140 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही की गई एवं समन शुल्क 62100/-रुपये वसूल किए गए है। पुलिस अधीक्षक खंडवा के निर्देश पर बिना हेलमेट के चल रहे पुलिस विभाग के 14 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। साथ ही उप पुलिस अधीक्षक यातायात खंडवा द्वारा जिले के पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित जिले के समस्त नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई हैं। अन्यथा एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी एवं वाहन जप्त किए जाएंगे।

### पोलियो की दवा पिलाई, ट्रेनिंग भी दी गई

# हज पर जाने वाले यात्रियों को लगवाए गए मेंजाइटिस और इन्फलूएंजा के टीके



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बुरहानपुर

इस साल बुरहानपुर जिले से 121 हज यात्री हज यात्रा पर जाएंगे। इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। शनिवार को मप्र स्टेट हज कमेटी की ओर से स्थानीय दानिश हाईस्कूल में हज पर जाने वाले हज यात्रियों का टीकाकरण कराया गया। इस दौरान मेंजाइटिस और इन्फलूएंजा के टीके लगाए गए। साथ ही पोलियो की दवा भी पिलाई गई।

जिला हज कमेटी प्रभारी व अधिवकता फरीद अहमद ने बताया सउदी अरब में हज यात्रा के दौरान काफी भीड़ रहती है। इस दौरान किसी प्रकार की बीमारी न हो इसलिए हर साल हज कमेटी की ओर से देशभर से जाने वाले हज यात्रियों को टीके लगवाए जाते हैं। बुरहानपुर से कुल 121 हज यात्री हज यात्रा पर जाने वाले हैं। इसमें 98 हज यात्री हज कमेटी के माध्यम से तो 23 यात्री प्रायवेट टूर के माध्यम से हज यात्रा पर जाएंगे। सभी का आज टीकाकरण कराया गया है। साथ ही एक ट्रेनिंग कैंप का भी आयोजन किया गया जिसमें हाजियों को हज यात्रा के दौरान अदा किए जाने वाले अरकान आदि से अवगत कराया गया।

### सुबह 10 बजे शुरू हुआ था टीकाकरण

दानिश हाईस्कूल में सुबह 10 बजे से हाजियों का टीकाकरण शुरू हुआ था। इसके बाद सभी के लिए ट्रेनिंग कैंप भी लगा। जिसमें हज के अरकान, इसे क्यों अदा किया जाता है। क्या क्या सावधानियां बरतनी चाहिए सहित अन्य बातों से अवगत कराया गया।

# बिना अस्त्र-शास्त्र के पांडवों को प्रभु ने विजय दिलवा दी, प्रभु प्रेम के भूखे हैं: भागवत भूषण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बुरहानपुर



नगर के लालबाग मार्ग स्थित होटल संस्कार मैरिज गार्डन में पाटीदार परिवार की और से आयोजित श्रीमद संगीतमय भागवत सप्ताह के दूसरे दिन भागवत भूषण श्री हरिकृष्ण मुखिया ने महाभारत की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि बिना अस्त्र-शास्त्र के पांडवों को प्रभु ने विजय दिलवा दी प्रभु प्रेम के भूखे हैं। आपने बताया कि दुर्योधन के छप्पन भोग का त्याग करके भक्ति भाव से विदुर जी की प्रभु ने प्रेम से भाजी अंगीकार की परंतु दुर्योधन के भोग को देखा भी नहीं प्रभु से जब भीष्म पितामह ने पूछा कि प्रभु मैं जीवन में ऐसा कौन सा पाप किया है जिसकी सजा मुझे तीरों के सैया पर मिल रही है तब प्रभु ने कहा की भीष्म पितामह आप शक्तिमान होने के बावजूद भी द्रोपती की लाज नहीं बचा सके , द्रोपती का चीर हरण हो रहा था वहां मोन धारण करके बैठे थे वह अबला का चीर हरण देखना आपको यह सजा भुगतना पड़ रही है मनुष्य के कर्म ही मनुष्य के पुण्य है और मनुष्य के कर्म ही मनुष्य का पाप है आप जैसे कर्म करोगे प्रभु वैसा ही फल आपको देगा। इसलिए जहां तक बने सुंदर कार्य करने की प्रेरणा दो स्वयं करो और दूसरों को भी करने के लिए प्रेरित करो यही भागवत ज्ञान गंगा में आज के विचार का सार है जब भी भागवत सप्ताह होती है साक्षात श्रीनाथजी भागवत सप्ताह में पधारते हैं और भक्त की मनोरथ पूर्ण करते हैं। साथ ही कुंती जी का श्री कृष्ण जी के साथ संवाद बनाता है इस दौरान भजन पर कथा यजमान रमेश पाटीदार, पूर्व विधायक रामदास शिवहरे सहित अन्य भक्त जमकर थिरकते नजर आये, कथा सुनने के लिए हजारों की संख्या में भक्त मोजुद थे कथा समाप्ति के बाद भक्तों को कथा यजमान राजाराम पाटीदार, मीना रमेश पाटीदार, गायत्री राजाराम पाटीदार ने प्रसादी का वितरण किया।

# पानी मिलने के बाद धरना नहीं करने का निर्णय

**हरदा।** पचोला माइनर से जुड़े किसानों के द्वारा शनिवार सुबह से ग्रीष्म कालीन मूंग की सिंचाई के लिए नहर के लिए पानी नहीं मिलने से नाराज होकर अनिश्चिकालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी गई थी। इसके पहले ही पचोला माइनर में शनिवार सुबह से पानी पहुंच गया है। विधायक प्रतिनिधि राहुल पटेल ने क्षेत्र के किसानों के खेतों में लगी मूंग की फसल के लिए नहर में पानी पहुंचने के लिए सिंचाई विभाग व जिला प्रशासन का आभार जताया है वही आग्रह करते हुए कहा है कि कहा है कि यदि पांच से छह दिनों तक पचोला माइनर में पानी निरंतर चलता रहे तो किसानों को बड़ा आर्थिक नुकसान होने से बच जाएगा। गौरतलब है कि देवास,बेड़ी, अबगांवकला, अतरसमा, देवतलाव, कोलीपुरा, कुंजरगांव, खेड़ा आदि गांवों के किसानों ने एक दिन पहले पानी नही मिलने को लेकर अनिश्चित कालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी गई थी।

### प्लेटफॉर्म पर चल रहे कार्यों की गति पर जनमंच ने संतोष व्यक्त किया

# खंडवा जंक्शन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 से 27 मई से ट्रेन संचालन की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खंडवा




मध्य रेलवे के अति महत्वपूर्ण जंक्शन खंडवा पर इन दिनों विकास कार्य जारी है। बुरहानपुर, भुसावल, जलगांव, मनमाड, नासिक, इगतपुरी और मुंबई की तरफ जाने वाली समस्त ट्रेन प्लेटफार्म नंबर एक के स्थान पर फिलहाल प्लेटफार्म नंबर 6 से रवाना हो रही है। यात्रियों को थोड़ी सी असुविधा तो हो रही है,लेकिन इसके कुछ दिनों के बाद यात्रियों को जो सुविधा और सुरक्षा मिलेगी, वह रेलवे अधिकारियों की उच्च दूरगामी दृष्टि का ही परिणाम है।

जनमंच की टीम शनिवार शाम 6 बजे खंडवा स्टेशन प्रबंधक अरविंद कुमार साहा सहित रेलवे के उच्च अधिकारियों से मिली और इस संदर्भ में चर्चा की।सीनियर सेक्शन इंजीनियर एच के श्रीवास्तव से भेंट कर प्लेटफार्म नंबर एक के 550 मीटर क्षेत्रफल पर चल रहे निर्माण कार्यों और विकास कार्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जानकारी के पश्चात जनमंच के सदस्यों ने रेलवे द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की गति पर हर्ष और संतोष व्यक्त किया तथा अधिकारियों को धन्यवाद और आभार ज्ञापित किया।जनमंच के चंद्र कुमार सांड,कमल नागपाल, अनुराग बंसल,सुनील जैन, जयकिशन तीर्थानी,जयरामदास खेमानी आदि ने प्लेटफार्म नंबर एक का अवलोकन किया और संतोष व्यक्त किया।

### समय सीमा से पूर्व संपन्न होंगे समस्त कार्य

जनमंच साथी चंद्र कुमार सांड और कमल नागपाल ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि रेलवे में यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। इसी के मद्देनजर प्लेटफार्म नंबर 1 पर कार्य किया जा रहा है।कार्य की गति संतोष जनक है,और यह तय है कि निर्धारित समयावधि 26 मई तक यह कार्य संपन्न कर लिया जाएगा।